**INDIAN SCHOOL SOHAR**

No of printed pages: 4

**TERM - 1 EXAMINATION ( 2019-2020)**

कक्षा : **VI** | विषय : हिंदी | पूर्णांक : **80**

दिनांक : **24/09/19** | समय : **3** घंटे

---

सामान्य निर्देश : **(1)** इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क ,ख ,ग और घ।
**(2)** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
**(3)** इस प्रश्न पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं।
**(4)** प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।

---

## खंड - क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न **1:** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए :-

विद्या धन है। यह मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी है। धन को चुराया जा सकता है लेकिन विद्या को चुराया नहीं जा सकता। विद्या से धन कमाया जा सकता है लेकिन धन से विद्या नहीं कमाई जा सकती। विद्या पाने के लिए आवश्यक है -ईश्वर कृपा , इच्छा और लगन। एकलव्य का उदाहरण सामने है। उसके पास गुरु को देने के लिए पूँजी नहीं थी लेकिन मन में श्रद्धा थी। उसने ईश्वर कृपा ,सीखने की इच्छा और निरंतर लगन से अचूक धनुर्विद्या सीखी। उस विद्या के बल पर एकलव्य विश्व प्रसिद्ध हो गया , द्रोणाचार्य पांडवों के गुरु हो गए और कर्ण एवं अर्जुन प्रख्यात योद्धा हो गए। आज के युग की आवश्यकता है कि हम नई से नई विद्याओं को सीखें और उनका समाज-हित में प्रयोग करें।

(क) मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी क्या है? **(1)**
(ख) विद्या पाने के लिए आवश्यक क्या है ? **(1)**
(ग) आज के युग की क्या आवश्यकता है ? **(1)**
(घ) किस विद्या के बल पर एकलव्य विश्व प्रसिद्ध हो गया ? **(1)**
(ङ) एकलव्य के पास गुरु को देने के लिए क्या नहीं था ? **(1)**
(च) कर्ण एवं अर्जुन कौन थे? **(1)**
(छ) पांडवों के गुरु कौन थे ? **(1)**
(ज) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक बताइए । **(1)**
(झ) 'नई 'और 'बड़ी' शब्द के विलोम शब्द लिखिए। **(2)**

## खंड - ख (व्याकरण)

प्रश्न **2 :** निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए :- **(2)**
(क) कार्यकर्म (ख) छमा (ग) विग्यान (घ) मात्रभूमि

प्रश्न **3 :** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- **(2)**

(क) हमें सदा सत्य बोलना चाहिए क्योंकि -------- बोलना पाप है।

(ख) परीक्षा में पूछे गए सभी प्रश्नों का सही-सही -------- लिखना चाहिए।

(ग) विज्ञान वरदान भी है और -------- भी।

(घ) धनी मालिक ने -------- नौकर की सहायता की।

प्रश्न **4 :** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य को फिर से लिखिए :- **(3)**

(क) जज ने चोर को मृत्युदंड की सजा दी ।

(ख) क्या एक गरम कप कॉफी मिल सकती है?

(ग) शेर को देखकर मेरा तो प्राण ही निकल गया।

प्रश्न **5 :** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के संज्ञा-भेद लिखिए :- **(3)**

(क) इंद्र के हाथी का नाम ऐरावत है।

(ख) गाय बड़े प्रेम से चारा खा रही है।

(ग) गंगा नदी विश्व की प्रमुख नदियों में से एक है ।

प्रश्न **6 :** निम्नलिखित शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- **(3)**

(क) मंजिल (ख) पाँव (ग) गर्व

प्रश्न **7 :** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य को फिर से लिखिए :- **(3)**

(क) इस पुस्तक के लेखक बहुत प्रसिद्ध हैं।

(ख) जंगल में मोर नाचता है।

(ग) अध्यापक पढ़ा रहे हैं।

प्रश्न **8 :** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य को फिर से लिखिए :- **(3)**

(क) आपकी बेटी ने बहुत ही अच्छी कविता लिखी।

(ख) लड़के ने सारा सामान टोकरी में रख दिया है।

(ग) नौकर ने घोडे को पानी पिलाया।

प्रश्न **9 :** निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर उसके भेद लिखिए :- **(3)**

(क) बाहर कौन आया है?

(ख) पिताजी के लिए कुछ फल ले आओ।

(ग) आज हरि स्वयं खाना बनाएगा।

## खंड - ग (साहित्य)

प्रश्न **10 :** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- **(6)**

(क) कतरा (ख) दरख्वास्त (ग) सूराख (घ) शुरुआत (ङ) तसल्ली (च) उधेड़बुन

**P.T.O.**

प्रश्न 11 : निम्नलिखित शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :- **(5)**

(क) समाचार पत्र (ख) प्रगति (ग) फुरसत (घ) सुरंगनुमा (ङ) यकायक

प्रश्न 12 : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

पुराने ज़माने के लोग सचमुच ही सोचते थे कि अक्षरों की खोज ईश्वर ने की है। पर आज हम जानते हैं कि अक्षरों की खोज किसी ईश्वर ने नहीं, बल्कि स्वयं आदमी ने की है। अब तो हम यह भी जानते हैं कि किन अक्षरों की खोज किस देश में किस समय हुई। हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है। दो-तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव-जंतु नहीं थे। फिर करोडों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा। आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले जन्म लिया। धीरे-धीरे उसका विकास हुआ। कोई दस हज़ार साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना शुरू किया। वह खेती करने लगा। वह पत्थरों के औज़ारों का इस्तेमाल करता था। फिर उसने ताँबे और काँसे के भी औज़ार बनाए।

(क) पुराने ज़माने के लोग अक्षरों की खोज के बारे में क्या सोचते थे ? **(1)**
(ख) आज हम अक्षरों की खोज के बारे में क्या जानते हैं ? **(1)**
(ग) हमारी धरती लगभग कितने साल पुरानी है ? **(1)**
(घ) पुराने ज़माने के लोग किस प्रकार के औजारों का इस्तेमाल करते थे? **(1)**
(ङ) आदमी ने गाँवों को बसाना कब शुरू किया? **(1)**
(च) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। **(2)**

प्रश्न 13 : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :- **(5)**

(क) नादान दोस्त का क्या अर्थ है ?

(ख) मंगल की धरती पर उतरे अंतरिक्ष यान का नाम क्या था ?

(ग) 'पार नज़र के' पाठ के लेखक का नाम लिखिए।

(घ) लड़की ने चाँद के रोग को असाध्य क्यों कहा है ?

(ङ) छोटू के पापा ज़मीन के ऊपर कैसे जाते थे ?

(च) 'एक अकेला थक जाएगा मिलकर बोझ उठाना'-पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

(छ) केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की थी या नादानी ?

**P.T.O.**

प्रश्न **14 :** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :- **(15)**

(क) केशव ने श्यामा से चिथड़े,टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?

(ख) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत में सागर और परबत का उदाहरण देते हुए कवि क्या कहना चाहता है ?

(ग) लड़की ने ऐसा चाँद को ऐसा क्यों कहा कि यह मरज़ आपका अच्छा ही नहीं होने में आता है ? कविता के आधार पर लिखिए।

(घ) माँ के सोते ही केशव और श्यामा दोपहर में बाहर क्यों निकल आए और माँ के पूछने पर भी दोनों में से किसी ने भी बाहर निकलने का कारण क्यों नहीं बताया ?

(ङ) कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा और वहाँ उसने क्या हरकत की ?

(च) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत में सीने और बाँहों को फौलादी क्यों कहा गया है ?

(छ) मंगल ग्रह के वातावरण में बदलाव का कारण बताइए ?

## खंड - घ (लेखन)

प्रश्न **15 :** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **60** से **70** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

(क) एकता में बल
(ख) मेरे सपनों का भारत
(ग) मेरा प्रिय त्योहार

प्रश्न **16 :** परीक्षा-परिणाम बताते हुए माँ को एक पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

जन्मदिन की बधाई देते हुए मित्र को एक पत्र लिखिए।

***********